






नवभारत
इंदौर, शुक्रवार, 27 मार्च, 2026




### एक नजर में

## नि:शुल्क शिक्षा केंद्र का शुभारंभ



**इंदौर.** बंगाली चौराहा के पास स्थित चौहान नगर कॉलोनी में पुष्पा पिसोलकर पारमार्थिक फाउंडेशन की ओर से निशुल्क शैक्षणिक संस्था का शुभारम्भ विहिप इंदौर विभाग की सहसंयोजक श्रीमती ज्योति प्रतीक श्रीवास्तव ने किया. संस्था के प्रमुख आर के काबरा, अंजना गौरानी एवं अन्य पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि श्रीमती श्रीवास्तव के साथ राम दरबार के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इस मौके पर श्रीमती श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों को सनातन धर्म की शिक्षा और हमारी संस्कृति से रूबरू कराने का यह निष्काम व्रत अनुकरणीय और वन्दनीय है. बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने से बड़ा और कोई दान नहीं हो सकता. हमारे बच्चे राम-सीता, लक्ष्मण और हनुमान जैसे चरित्रवान और ऊर्जावान बनें, यही हमारा प्रयास होना चाहिए. इस मौके पर बच्चों को कॉपी, पेन, पुस्तकें एवं टॉफ़ी जैसे उपहारों का वितरण अश्विनी देखणे एवं अनिल गौरानी ने किया. फाउंडेशन के एस एन काबरा ने प्रारम्भ में फाउंडेशन के सेवा कार्यों और इस शिक्षा केंद्र की जानकारी भी दी. राम दरबार की पूजा-अर्चना और आराधना के साथ समापन हुआ. संस्थापक आरके काबरा ने संकल्प व्यक्त किया कि वे पूरे शहर में उपयुक्त स्थानों पर निशुल्क शिक्षा केंद्र संचालित करेंगे.

## विश्व जल दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम



**इंदौर.** विश्व जल दिवस पर श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस (एसवीआईएमएस) में जल संरक्षण और जागरूकता को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया. इसमें विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को जल के महत्व, संरक्षण और सतत उपयोग के प्रति जागरूक किया. मुख्य अतिथि डॉ. सुनील चतुर्वेदी (हाइड्रोजियोलॉजिस्ट, विभावरी) ने भू-जल स्तर में गिरावट, प्रदूषण और जल स्रोतों के क्षरण को गंभीर समस्या बताते हुए वर्षा जल संचयन पर जोर दिया. वहीं विशिष्ट अतिथि प्रियांशु कुमथ (फाउंडर एवं सीईओ, क्लीन वॉटर सस्टेनेबल वॉटर टेक्नोलॉजीज प्रालि) ने जल की गुणवत्ता, बढ़ती मांग और माइक्रोप्लास्टिक जैसी चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए इसके विवेकपूर्ण उपयोग की अपील की. संस्थान के निदेशक डॉ. जॉर्ज थॉमस ने अतिथियों का स्वागत करते हुए जल संरक्षण को जीवन की सुरक्षा से जोड़ा और विद्यार्थियों को इसके लिए संकल्प दिलाया. इस दौरान संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट 'नीर प्रवाह' का भी विमोचन किया. संचालन श्रुति पुस्तके ने और आभार डॉ. जगदीश शर्मा ने माना. इस मौके पर डॉ. क्षमा पैठणकर, डॉ. दीपा कटियाल, डॉ. मंदीप गिल सहित प्राध्यापक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे.

## तीन दिवसीय फैशन वीक सीजन-4 आज से



**इंदौर.** साल दर साल फैशन की दुनिया में एक नए आयाम गढ़ता हुआ बहुप्रतीक्षित एनआईएफ ग्लोबल इंदौर टाइम्स फैशन वीक-2026 का चौथा सीजन इस साल 26, 27 और 28 मार्च को होटल ग्रैंड शेरेटन में होगा. इसमें देश के मशहूर डिजाइनर्स के कलेक्शन्स के साथ एनआईएफ ग्लोबल इंदौर के स्टूडेंट्स और टैलेंटेड डिजाइनर्स के क्रिएटिव कलेक्शन्स को रैंप पर देश के टॉप मॉडल्स के साथ इंडस्ट्री के सितारे लेकर उतरेंगे. एनआईएफ ग्लोबल, इंदौर की चेयरपर्सन साधना तोडी ने कहा एनआईएफ ग्लोबल इंदौर टाइम्स फैशन वीक का हर सीजन हमारे लिए सिर्फ एक इवेंट नहीं, बल्कि नए टैलेंट को पहचान देने और उन्हें ग्लोबल प्लेटफॉर्म तक पहुंचाने का एक मजबूत प्रयास है. यह मंच उन्हें सीखने, एक्सपोजर पाने और अपने सपनों को साकार करने का अवसर प्रदान करता है. विमल तोड़ी, चेयरमैन और फाउंडर, मोयरा सरिया ने बताया कि पिछले तीन सीजन को शहर के फैशन प्रेमियों ने बहुत पसंद किया है। इस साल भी 40 से ज्यादा प्रोफेशनल मॉडल देशभर से आ रही हैं. डायरेक्टर मोयरा सरिया संदीप जैन, ने बताया कि इस बार फैशन वीक हर दिन अलग थीम, बेहतर कोरियोग्राफी के साथ एक ग्रैंड अनुभव साबित होगा. फैशन वीकका पहला दिन 26 मार्च एनआईएफ ग्लोबल के स्टूडेंट्स के नाम होगा. 100 स्टूडेंट के कलेक्शन रैंप पर होंगे. इस पूरे कलेक्शन को द ग्लोबल रनवे नाम दिया गया है. चार अलग-अलग राउंड में कलेक्शन पेश किए जाएंगे. दूसरा दिन 27 मार्च खास आकर्षण वाला होगा. इस दिन शादी बाय मेरिएट में प्रसिद्ध डिजाइनर राजदीप रनावत के कलेक्शन रैंप पर प्रस्तुत किए जाएंगे. इस शानदार कलेक्शन की शो स्टॉपर अभिनेत्री शिवांगी जोशी होंगी, जो अपने आकर्षक अंदाज से रैंप की शोभा बढ़ाएंगी. तीसरा दिन सायशा शिंदे के नाम होगा. इस दिन सायशा शिंदे के एक्सक्लूसिव कलेक्शन रैंप पर प्रस्तुत किए जाएंगे, जिसे अभिनेत्री निधि अग्रवाल शो स्टॉपर के रूप में रैंप पर लेकर उतरेंगी.

## गणेश मंडळ में रामनवमी निमित्त गीत रामायण आज

**इंदौर.** शहर की अग्रगण्य संस्था श्री गणेश मंडळ द्वारा 26 मार्च को सायं. 6.30 बजे रामनवमी निमित्त गीत रामायण प्रस्तुत किया जाएगा. यह उत्सव श्री गणेश मंडळ इंदौर एवं मध्य प्रदेश मराठी साहित्य अकादमी, भोपाल के संयुक्त तत्वावधान मे हो रहा है। कार्यक्रम सभी रसिक श्रोताओं के लिए निशुल्क एवं खुला रहेगा. श्री गणेश मंडळ के अध्यक्ष विनय पिंगळे एवं सचिव किरण मांजरेकर ने बताया कि गीत रामायण जैसे कार्यक्रम युवा पीढ़ि को अपनी संस्कृति, भाषा की ओर आकर्षित करने में मील का पत्थर साबित होंगे. कॅरिअर माईडेड होती युवा पीढी को संस्कारवान बनाने के लिए भी इस प्रकार के आयोजन अच्छा माध्यम सिद्ध होंगे.

# मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाएंगे आज

- श्रीराम मंदिरों में की जाएगी महाआरती, श्रद्धालुओं विशेष प्रसादी के होंगे आयोजन



**झाबुआ।** चैत्र नवरात्रि पर्व की नवमी के साथ शुक्रवार को श्रीराम नवमी पर्व भी शहर में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाएगा। भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर श्रीराम मंदिरों में सुंदरकांड, बजरंग बाण, हनुमान चालीसा पाठ के साथ दोपहर में महाआरती एवं विशेष प्रसादी जैसे आयोजन किए जाएंगे।

दिनभर श्रीराम मंदिरों में भक्तों की दर्शन-पूजन के लिए भीड़ देखने को मिलेगी। शहर के राजवाड़ा स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर में श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर विशेष तैयारियां की गई है। मंदिर समिति अध्यक्ष राजेश शर्मा ने बताया कि पूरे मंदिर पर रंग-रोगन, साफ-सफाई के साथ मंदिर को केसरिया ध्वजों से सजाया गया है। मंदिर परिसर में टेंट भी लगाया गया है। 27 मार्च, शुक्रवार को मंदिर में श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से एवं हर्षोल्लासपूर्वक मनाया जाएगा। मंदिर के सेवक विशाल त्रिवेदी ने बताया कि प्रात:काल 7 बजे मंदिर में श्रीराम दरबार का अभिषेक कर सुंदर श्रृंगार किया जाएगा। सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक श्री रामायण मंडल द्वारा संगीतमय, सुमधुर सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। दोपहर 12 बजे श्रीराम दरबार की महाआरती की जाएगी। इसके बाद मंदिर परिसर में पंचमेवे और पंजेरी का प्रसाद मंदिर समिति की ओर से भक्तों को वितरण किया जाएगा। इसी प्रकार शहर के लक्ष्मीबाई मार्ग स्थित प्राचीन श्रीराम दरबार, कॉलेज मार्ग पर प्राचीन जगदीश मंदिर स्थित श्रीराम दरबार, रंगपुरा स्थित प्राचीन श्रीराम दरबार में भी श्रीराम जन्मोत्सव पर सुबह से लेकर शाम तक विभिन्न कार्यक्रम होंगे। दोपहर में भगवान की महाआरती प्रसादी जैसे आयोजन भी होंगे।

### श्रीकृष्ण मंदिरों में भी रहेगी भीड़

इसके साथ ही शहर के राधाकृष्ण मार्ग स्थित श्री राधाकृष्ण सरकार मंदिर, श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार मंदिर, छोटे तालाब स्थित राधा-कृष्ण बिहारी मंदिर, श्री गोवर्धननाथ मंदिर मंदिर एवं श्री चारभुजानाथ मंदिर में भी दोपहर में महाआरती एवं प्रसादी का विशेष आयोजन होगा। श्रीराम जन्मोत्सव के उपलक्ष में शाम को झाबुआ युथ द्वारा भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। मंदिरों में सुबह से लेकर रात तक दर्शन-पूजन का काम चलेगा। भक्तों द्वारा इस दिन अपने घरों पर भी पूजन-पाठ करने के साथ घरों और प्रतिष्ठानों पर केसरिया ध्वज लगाएं जाएंगे। भगवान श्रीराम जन्मोत्सव की दिनभर बधाई देने का क्रम चलेगा।

# वाटरशेड योजना में स्टॉप और चेक डैम मरम्मत के होंगे कार्य

**आलीराजपुर ।** जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन एवं सतत विकास को सुदृढ़ आधार प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अभियान चलाया जा रहा है। 19 मार्च से शुरू हुआ यह अभियान 30 जून 2026 तक चलेगा।

प्रदेश सरकार द्वारा चलाया जा रहा यह महाअभियान केवल प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राज्य के समग्र विकास, ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ीकरण एवं भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण जन-अभियान के रूप में चल रहा है।

इस वर्ष अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-वाटरशेड विकास के कार्यों को भी शामिल किया गया है। वाटरशेड विकास 2.0 के अंतर्गत 68 कंटूर ट्रेंच, 91 गेबियन संरचनाएं, 842 खेत-तालाब, 26 स्टॉप डैम, 204 चेक डैम, 281 तालाब, 76 रिचार्ज शाफ्ट तथा 19 अन्य जल संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। इन कार्यों के माध्यम से वर्षा जल का अधिकतम संचयन, भू-जल पुनर्भरण, मृदा संरक्षण एवं जल उपलब्धता में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित की जाएगी। इससे किसानों को सिंचाई सुविधा में विस्तार एवं कृषि उत्पादन में वृद्धि का प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो सकेगा। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-वाटरशेड विकास 1.0 के अंतर्गत पूर्व में निर्मित स्टॉप डैम एवं चेक डैम की मरम्मत एवं नवीनीकरण के कार्य भी किए जाएंगे। इससे न केवल इन संरचनाओं की कार्यक्षमता पुनर्स्थापित होगी, बल्कि जल संरक्षण के पूर्व प्रयासों को भी मजबूती मिलेगी।

अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता एवं सतत निगरानी के लिए आधुनिक तकनीकी का उपयोग किया जाएगा। वाटरशेड विकास 2.0 के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की निगरानी द्रुस्ट पोर्टल के माध्यम से की जाएगी, जिससे कार्यों की वास्तविक समय पर प्रगति का आंकलन संभव हो सकेगा। वाटरशेड विकास 1.0 के कार्यों का चयन सिपरी सॉफ्टवेयर से कर उन्हें मनरेगा पोर्टल से जोड़ा गया है।

# बड़ा खुटाजा में विधायक ने की श्रीमद भागवत कथा में सहभागिता

**आलीराजपुर क्षेत्र के ग्राम बड़ा खुटाजा ( केलूनघाटी ) में आयोजित भव्य श्रीमद भागवत कथा एवं कलश यात्रा में आज आस्था, श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। जोबट विधायक सेना महेश पटेल ने इस पावन अवसर पर विशेष रूप से सहभागिता की और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया।**



सुबह से ही कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। महिलाओं द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में निकाली गई कलश यात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय माहौल से भर दिया। ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन की ध्वनि में यात्रा ने गांव में उत्साह और श्रद्धा का अनोखा रंग बिखेरा।

विधायक सेना महेश पटेल ने आयोजन की सफलता और धार्मिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देने हेतु ग्यारह हजार रुपये) की सहयोग राशि भेंट की। धार्मिक अनुष्ठानों के क्रम में विधायक ने भगवान श्री कृष्ण और माता रुक्मिणी को विधिवत हल्दी अर्पित की और पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार जयमाला कार्यक्रम संपन्न कराया। इसके बाद उन्होंने अत्यंत श्रद्धा भाव से कन्या पूजन कर बालिकाओं का आशीर्वाद लिया, जो भारतीय संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण प्रतीक है। अंत में विधायक सेना महेश पटेल ने आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा, संस्कार और एकता का संदेश देते हैं।आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

### विधायक ने श्रद्धालुओं के साथ गरबा नृत्य में भाग लिया

कार्यक्रम का सबसे आकर्षक क्षण तब आया जब विधायक ने श्रद्धालुओं के साथ गरबा नृत्य में भाग लिया। उनका सहज और सरल व्यवहार उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर गया। गरबा के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्तिमय गीतों और तालियों की गूंज ने माहौल को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, युवा, महिलाएं और बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में आयोजन की सराहना की और इसे क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बताया। उल्लेखनीय है कि इस श्रीमद भागवत कथा के अंतर्गत प्रतिदिन कथा वाचन, भजन-कीर्तन एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें दूर-दराज से भी श्रद्धालु पहुंचकर धर्म लाभ ले रहे हैं।


# आलीराजपुर में 1100 कलशों संग भव्य चुनरी यात्रा

**आलीराजपुर। धर्म, भक्ति और श्रद्धा का अनुपम संगम नगर आलीराजपुर में उस समय देखने को मिला, जब हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य चुनरी यात्रा का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। पंचमुखी हनुमान मंदिर से विधिविधान पूर्वक पूजा पाठ के बाद से प्रारंभ हुई यह पावन यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई मनकामेश्वरी माता मंदिर, बोरखड़ तक पहुंची, जहां विधि-विधान के साथ समापन हुआ।**



चुनरी यात्रा में 11 00कलशों के साथ माता के भजनों और जयकारों की मधुर ध्वनि गूंजती रही। सिर पर कलश धारण किए माता-बहनों की श्रद्धा, अनुशासन और भक्ति ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जय माता दी के जयघोष से नगर का कोना-कोना गुंजायमान हो उठा, जिससे सम्पूर्ण वातावरण दिव्य और आध्यात्मिक हो गया। आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल एवं जोबट विधायक नगरपालिका अध्यक्ष सेना महेश पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित इस भव्य आयोजन में लगभग तीन हजार चुनरी साड़ियों का वितरण किया गया।

यह आयोजन प्रतिवर्ष पटेल परिवार एवं मनकामेश्वरी माता मंदिर समिति द्वारा श्रद्धा पूर्वक संपन्न कराया जाता है, जो क्षेत्र की धार्मिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। यात्रा के दौरान नगर में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति ने इस आयोजन को एक विराट धार्मिक उत्सव का स्वरूप प्रदान किया। इस पावन अवसर पर 551 मीटर लंबी चुनरी मनकामेश्वरी माता जी को समर्पित की गई, जो श्रद्धा और समर्पण का अद्भुत प्रतीक बनी। इस दिव्य क्षण ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। यात्रा के समापन पर माता की महाआरती एवं प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया।



# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनगणना 2027 के लिए फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिनी प्रशिक्षण

**आलीराजपुर ।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 24 मार्च से 26 मार्च 2026 तक आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

प्रशिक्षण के तृतीय दिवस में फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं एवं कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर द्वारा स्थानीय भाषा के माध्यम से प्रतिभागियों को जनगणना की बारीकियों से अवगत कराया गया।

# सूने मकानों को निशाना बना रहे चोर, दो इलाकों में की वारदात

**इंदौर. शहर में सूने मकानों को निशाना बनाकर चोरी की वारदातें सामने आई हैं. लसूड़िया और हीरानगर थाना क्षेत्रों में अज्ञात बदमाशों ने घरों में घुसकर नकदी, जेवरात और जरूरी दस्तावेज चोरी कर लिए. पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

लसूड़िया थाना क्षेत्र स्थित सिंगापुर टाउनशिप के ग्रीन व्यू प्रीमियम में रहने वाले अमन शर्मा के घर में कल शाम 6.30 बजे से रात 11.30 बजे के बीच चोरी हो गई. बदमाश गेट के पास खिड़की की जाली तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी का लॉकर खोल लिया. यहां से काले कमर बैग में रखी सोने की चेन, चार चांदी के सिक्के, आधार कार्ड, पैन कार्ड, एसबीआई व आईसीआईसीआई के एटीएम कार्ड, एचडीएफसी का क्रेडिट कार्ड, वोटर आईडी, वाहन की आरसी, ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य दस्तावेज और नकदी चुराकर भाग गए.

इसी तरह हीरानगर थाना क्षेत्र के दीनदयाल उपाध्याय नगर, सुखलिया में रहने वाले 76 वर्षीय निर्मल सिंघल के सूने मकान को भी चोरों ने निशाना बनाया. फरियादी ने पुलिस को बताया कि 9 से 15 मार्च के बीच अज्ञात बदमाशों ने घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे और अलमारियों में रखे सोने-चांदी के आभूषण व करीब 10 हजार रुपए नकद लेकर फरार हो गए.

**चैत्र नवरात्रि**

कानाकुआं तालाब और रामगढ़ बैराज जैसे निर्माण कार्य से क्षेत्र में जल की उपलब्धता सुनिश्चत होगी

# महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री ने पेटलावद क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए किया भूमिपूजन

**पेटलावद. कानाकुआं तालाब एवं रामगढ़ बैराज से सुदृढ़ होगी सिंचाई व्यवस्था, किसानों को मिलेगा सीधा लाभ ।**



महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया द्वारा पेटलावद क्षेत्र में जल संसाधन विभाग की दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं 'कानाकुआं तालाब' एवं 'रामगढ़ बैराज' के निर्माण कार्यों का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया गया।

कार्यक्रम में 'कानाकुआं तालाब' परियोजना के अंतर्गत ?435.05 लाख की लागत से निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया, जिसके पूर्ण होने पर लगभग 155 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। वहीं 'रामगढ़ बैराज' परियोजना ?379.40 लाख की लागत से निर्मित की जाएगी, जिससे लगभग 235 हेक्टेयर क्षेत्र लाभान्वित होगा।

इस अवसर पर मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए जल संसाधनों के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि पानी ही खेती की सबसे बड़ी आवश्यकता है, और इन परियोजनाओं के माध्यम से न केवल सिंचाई सुविधा का विस्तार होगा, बल्कि वर्षा जल का बेहतर संचयन भी संभव हो सकेगा।

उन्होंने आगे कहा कि 'कानाकुआं तालाब' एवं 'रामगढ़ बैराज' जैसे निर्माण कार्य से क्षेत्र में जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इससे किसानों को समय पर सिंचाई उपलब्ध होगी, फसलों की उत्पादकता बढ़ेगी तथा कृषि पर निर्भर परिवारों की आय में भी वृद्धि होगी। साथ ही, यह परियोजनाएं भूजल स्तर को बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होंगी।

मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि राज्य शासन द्वारा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सिंचाई जैसे मूलभूत क्षेत्रों में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण अंचलों में रहने वाले नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने यह भी कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक किसान को पर्याप्त पानी उपलब्ध हो और उन्हें खेती के लिए किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। र्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने इन परियोजनाओं के लिए शासन के प्रति आभार व्यक्त किया तथा उम्मीद जताई कि इन कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र में कृषि विकास को नई दिशा मिलेगी।